# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**मंगलवार, दिनांक 8 मार्च, 2016 (फाल्गुन 18, शक सम्वत् 1937)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10:33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये : -

(1) श्री पी.ए. संगमा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष, तथा
(2) श्री पवन दीवान, पूर्व विधान सभा सदस्य.

श्री बाबूलाल गौर, गृह मंत्री, श्री बाला बच्चन, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, विधान सभा उपाध्यक्ष द्वारा शोकोदगार व्यक्त किये गये. अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई तथा सदन द्वारा 2 मिनिट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 10.50 बजे 5 मिनट के लिये स्थगित की जाकर 10.58 बजे पुन: समवेत हुई.

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 2. बधाई

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

अध्यक्ष महोदय, डॉ. नरोत्तम मिश्र, संसदीय कार्य मंत्री, श्री बाला बच्चन, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष एवं श्रीमती माया सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा महिला दिवस पर बधाई दी गई.

### 3. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से 6 प्रश्नों (प्रश्न संख्या 1, 2, 3, 4, 5 एवं 6) पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये. प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित 150 तारांकित प्रश्नों के उत्तर तथा 148 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे.

### 4. शून्यकाल में उल्लेख

**(1) जातिगत आरक्षण संबंधी स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग को लेकर कार्यवाही में व्यवधान होना**

श्री बाला बच्चन, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष द्वारा जातिगत आरक्षण के विषय पर स्थगन प्रस्ताव की सूचना पर चर्चा की मांग की गई. जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सूचित किया गया कि यह सूचना अभी प्रक्रियाधीन है. विपक्ष के सदस्यगण द्वारा इस मामले में कार्यवाही में लगातार व्यवधान करने के कारण, सदन की कार्यवाही 11.36 बजे 10 मिनट के लिये स्थगित की जाकर 11.48 बजे पुन: समवेत हुई.

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

कार्यवाही समवेत होने पर इसी मामले में पुन: व्यवधान होने के कारण, सदन की कार्यवाही 12.06 बजे 10 मिनट के लिये स्थगित की जाकर 12.18 बजे पुन: समवेत हुई.

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

## 5. नियम 267-क के अधीन विषय

(1) श्री सुदर्शन गुप्ता (आर्य), सदस्य ने इन्दौर जिले में लाड़ली लक्ष्मी योजनाओं का लाभ सम्बन्धी प्रमाण-पत्रों का वितरण न होने,
(2) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य ने प्रदेश की बांझ महिलाओं को टेस्ट टयूब बेवी की व्यवस्था की जाने,
(3) श्री आर.डी. प्रजापति, सदस्य ने छतरपुर जिले के चंदला क्षेत्र में सूखा राहत राशि में वितरण में अनियमितता होने,
(4) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य ने सागर जिले के ग्रामों में विद्युत कनेक्शन काटे जाने,
(5) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य ने श्योपुर जिला मुख्यालय में 220 के.व्ही.ए. का उपकेन्द्र स्थापित किये जाने,
(6) श्री राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य ने जावरा शहर में बहने वाली पीलिया खाल नाले को प्रदूषण मुक्त किये जाने,
(7) श्रीमती अर्चना चिटनिस, सदस्य ने शालेय शिक्षा विभाग द्वारा 'वह अमर छलांग कार्यक्रम बंद किये जाने,

सम्बन्धी नियम 267-क के अधीन शून्यकाल की सूचनाएं प्रस्तुत कीं.

## 6. शून्यकाल में उल्लेख (क्रमश:)

### (2) मध्यप्रदेश के जिलों में ओलावृष्टि होने पर सदन में चर्चा कराने की मांग की जाना

सर्वश्री सत्यपाल सिंह सिकरवार, महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, डॉ. कैलाश जाटव, श्री सुन्दरलाल तिवारी, आदि सदस्यगण द्वारा उनके क्षेत्रों में ओलावृष्टि पर सदन में चर्चा की मांग की गई. अध्यक्षीय अनुमति से श्री रामपाल सिंह, राज्यमंत्री द्वारा जिलाध्यक्षों को फसल सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश की जानकारी दी गई.

## 7. गर्भगृह में प्रवेश एवं बहिर्गमन

श्री ओमकार सिंह मरकाम, सदस्य अपनी बात कहते हुए अपने आसन से उठकर गर्भगृह में आये तथा कुछ ही क्षण पश्चात् सर्वश्री बाला बच्चन, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष एवं रामनिवास रावत, सदस्य द्वारा गर्भगृह में आकर उन्हें अपने आसन पर जाने की समझाईश दी, किन्तु श्री ओमकार सिंह मरकाम, सदस्य द्वारा उनकी बात को न सुने जाने के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया.

## 8. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री उमाशंकर गुप्ता, उच्च शिक्षा मंत्री ने -

(क) अटल बिहारी बाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय का द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2013-14 पटल पर रखा.

(ख) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट जिला-सतना (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 पटल पर रखे.

## 9. ध्यान आकर्षण

(1) श्री कैलाश चावला, सदस्य ने नीमच जिले के मनासा क्षेत्र में बिजली के बिल के नाम पर लोगों को परेशान किये जाने की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित किया.

श्री राजेन्द्र शुक्ल, ऊर्जा मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया.

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया कि आज भोजनावकाश नहीं होगा. माननीय सदस्यों के लिये भोजन की व्यवस्था सदन की लॉबी में की गई है. माननीय सदस्यों से अनुरोध है अपनी सुविधानुसार भोजन ग्रहण करने का कष्ट करें.

(2) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य ने श्योपुर जिले में कृषकों को भूमि चकबंदी का लाभ न मिलने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित किया.

श्री रामपाल सिंह, राजस्व मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया.

**उपाध्यक्ष महोदय (डॉ.राजेन्द्र कुमार सिंह) पीठासीन हुए.**

## 10. याचिकाओं की प्रस्तुति

दैनिक कार्यसूची में उल्लिखित सदस्यों द्वारा याचिकाएं प्रस्तुत हुई मानी गई :-

(1) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया (जिला-मन्दसौर)
(2) श्री वीर सिंह पंवार (जिला-विदिशा)
(3) श्री विजय सिंह सोलंकी (जिला-खरगोन)
(4) श्री शैलेन्द्र जैन (जिला-सागर)
(5) श्री निशंक कुमार जैन(जिला-विदिशा)
(6) श्री दुर्गालाल विजय (जिला-श्योपुर)
(7) श्री मानवेन्द्र सिंह (जिला-छतपुर)
(8) इंजी. प्रदीप लारिया (जिला-सागर)

(9) श्री सुन्दरलाल तिवारी (जिला-सदस्य)
(10) श्री आर.डी. प्रजापति (जिला-छतरपुर)
(11) श्री आशीष गोविन्द शर्मा (जिला-देवास)
(12) श्री नीटू सत्यपाल सिंह सिकरवार (जिला-मुरैना)
(13) श्री दिलीप सिंह परिहार (जिला-नीमच)
(14) श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर (जिला-टीकमगढ़)
(15) श्री गोविन्द सिंह पटेल (जिला-नरसिंहपुर)
(16) श्री देवेन्द्र वर्मा (जिला-खण्ड़वा)
(17) श्री नारायण सिंह पंवार (जिला-राजगढ़)
(18) श्री आरिफ अकील (जिला-भोपाल)
(19) श्री शैलेन्द्र पटेल (जिला-सीहोर)
(20) डॉ. गोविन्द सिंह (जिला-भिण्ड)
(21) श्री घनश्याम पिरौनियां (जिला-दतिया)
(22) श्री नीलेश अवस्थी (जिला-जबलपुर)
(23) कुंवर सौरभ सिंह (जिला-कटनी)
(24) श्री हर्ष यादव (जिला-सागर)
(25) श्री चम्पालाल देवड़ा (जिला-देवास)
(26) पं. रमाकान्त तिवारी (जिला-रीवा)
(27) श्री जालम सिंह पटेल (जिला-नरसिंहपुर)
(28) श्री प्रहलाद भारती (जिला-शिवपुरी)
(29) श्रीमती संगीता चारेल (जिला-रतलाम)
(30) श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया (जिला-गुना)
(31) पं. रमेश दुबे (जिला-छिन्दवाड़ा)

## 11. वर्ष 2016-17 की अनुदानों की मांगों पर मतदान

(3) श्री गोपाल भार्गव, सहकारिता मंत्री ने राज्यपाल महोदय की सिफारिश के अनुसार प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को –

| | |
|---|---|
| अनुदान संख्या – 17 | सहकारिता के लिए नौ सौ सैंतालीस करोड़, बावन लाख, बहत्तर हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या – 30 | ग्रामीण विकास के लिए एक हजार आठ सौ तैंतीस करोड़, बीस लाख, अड़तीस हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या – 34 | सामाजिक न्याय के लिए दो सौ तैंतालीस करोड़, सात हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या – 59 | ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं के लिए एक हजार, रुपये, |
| अनुदान संख्या – 62 | पंचायत के लिए एक सौ अस्सी करोड़, दो लाख, बारह हजार रुपये तथा |
| अनुदान संख्या – 74 | त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता के लिए सत्रह हजार तीन सौ करोड़, बानवे लाख, साठ हजार रुपये तक की राशि दी जाय. |

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ.

उपस्थित सदस्यों के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत होने के पश्चात्, मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

(1) डॉ. गोविन्द सिंह
(2) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया

**सभापति महोदय (डॉ. गोविन्द सिंह) पीठासीन हुए.**

(3) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा
(4) श्री रामेश्वर शर्मा
(5) श्री रामनिवास रावत
(6) इंजी. प्रदीप लारिया

**उपाध्यक्ष महोदय (डॉ.राजेन्द्र कुमार सिंह) पीठासीन हुए.**

(7) श्रीमती शीला त्यागी
(8) श्री बहादुर सिंह चौहान
(9) श्री दिनेश राय
(10) श्री दुर्गालाल विजय

(11) श्री शैलेन्द्र पटेल
(12) श्री गोविन्द सिंह पटेल

**सभापति महोदया (श्रीमती अर्चना चिटनीस) पीठासीन हुईं.**

(13) श्री वैल सिंह भूरिया
(14) श्रीमती झूमा सोलंकी
(15) श्री आशीष गोविन्द शर्मा
(16) श्री जितू पटवारी
(17) श्री फुन्देलाल सिंह मार्को
(18) श्रीमती ऊषा चौधरी
(19) श्री के.के. श्रीवास्तव
(20) श्री गिरीश भंडारी

**उपाध्यक्ष महोदय (डॉ.राजेन्द्र कुमार सिंह) पीठासीन हुए.**

(21) श्री जालम सिंह पटेल
(22) श्री बलवीर सिंह डण्डौतिया
(23) श्रीमती शीला त्यागी
(24) श्री हेमंत विजय खण्डेलवाल

(25) श्री रामपाल सिंह (ब्यौहारी)
(26) श्री सुखेन्द्र सिंह
(27) श्री प्रताप सिंह

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

(28) श्री विष्णु खत्री
(29) कुंवर सौरभ सिंह

श्री गोपाल भार्गव, सहकारिता मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(4) श्री बाबूलाल गौर, गृह मंत्री ने राज्यपाल महोदय की सिफारिश के अनुसार प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को –

| | |
|---|---|
| अनुदान संख्या – 3 | पुलिस के लिए पांच हजार तीन सौ तैंतीस करोड़, छियासठ लाख, बाईस हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या – 4 | गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए इकतालीस करोड़, पचपन लाख, अठासी हजार रुपये तथा |
| अनुदान संख्या – 5 | जेल के लिए तीन सौ बयालीस करोड़, पैंतीस लाख, बयासी हजार रुपये तक की राशि दी जाय. |

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ.

उपस्थित सदस्यों के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत होने के पश्चात्, मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

(1) श्री मुकेश नायक
(2) श्री रामेश्वर शर्मा
(3) श्री जितू पटवारी
(4) श्री सुदर्शन गुप्ता (आर्य)
(5) श्री बलवीर सिंह डण्डौतिया
(6) डॉ. रामकिशोर दोगने

**उपाध्यक्ष महोदय (डॉ.राजेन्द्र कुमार सिंह) पीठासीन हुए.**

(7) श्रीमती शीला त्यागी
(8) श्री वैलसिंह भूरिया
(9) श्रीमती ऊषा चौधरी
(10) श्री शैलेन्द्र पटेल
(11) कुंवर सौरभ सिंह
(12) श्री बहादुर सिंह चौहान
(13) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया

## 12. अध्यक्षीय घोषणा
### सदन के समय में वृद्धि विषयक

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की सहमति से आज की कार्य सूची के पद क्रमांक 6 के उपपद (2) का कार्य पूर्ण होने तक सदन के समय में वृद्धि संबंधी घोषणा की गई.

## 13. वर्ष 2016-2017 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

श्री बाबूलाल गौर, गृह मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए.
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ.

अपराह्न 7.16 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 9 मार्च, 2016 (19 फाल्गुन, शक सम्वत् 1937) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**भगवानदेव ईसरानी,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 8 मार्च, 2016**